अनुक्रमांक.........................................  मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 15

नाम ................................................

**936** **830 (GD)**

**2025**

# चित्रकला

समय : तीन घण्टे 15 मिनट। [पूर्णांक : 70

सामान्य निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) मुख-पृष्ठ (Cover-Page) तथा प्रत्येक उत्तर-पत्र/ड्राइंग शीट के ऊपर दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ-साफ लिखिए तथा केन्द्र व्यवस्थापक अपनी हस्ताक्षरयुक्त मुहर (Facsimile) प्रत्येक उत्तर-पत्र/ड्राइंग शीट पर लगाएं और उन पर कक्ष निरीक्षक के भी हस्ताक्षर करवाएँ।

(iii) प्रश्न-पत्र तीन खण्डों क, ख और ग में विभक्त है। सभी तीनों खण्डों को हल करना अनिवार्य है।

## खण्ड - क

(i) इस खण्ड में 'आलेखन कला' तथा 'प्राविधिक कला' के प्रत्येक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें से किसी एक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर ओ. एम. आर. शीट पर देने हैं।

(ii) आपके द्वारा 'आलेखन कला' अथवा 'प्राविधिक कला' में से जिस भाग का चयन किया गया है, उसे ओ.एम.आर. शीट पर अवश्य अंकित करें ।

### (आलेखन कला)

modelpaper.info

प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न के चार विकल्प हैं। इनमें से सही उत्तर चुनिए और उसी क्रम में अपनी ओ.एम.आर. शीट पर चिह्नित कीजिए ।

1.तटस्थ रंग कितने होते हैं? 1

(A) 4 (B) 6

(C) 2 (D) 5

2.ओस्टवाल्ड कलर चार्ट में कितने रंग होते हैं? 1

(A) 7 (B) 8

(C) 9 (D) 6

3. कितने द्वितीयक रंग होते हैं? 1

(A) 3 (B) 7

(C) 8 (D) 9

4. छत के केन्द्र को अलंकृत करने के लिए कौन-सा आलेखन उपयुक्त होगा? 1

(A) केन्द्रीय आलेखन (B) कोने का आलेखन

(C) किनारी (D) इनमें से कोई नहीं

5.निम्नलिखित में से सबसे मोटे ब्रश का नम्बर कौन-सा है? 1

(A) 6 (B) 1

(C) 4 (D) 2

6.निम्नलिखित में से किस नम्बर की पेंसिल से खींची गई लाइन हल्की होती है? 1

modelpaper.info

(A) 2B (B) HB

(C) 2H (D) H

7. नीला रंग नेत्रों पर क्या प्रभाव डालता है? 1

(A) सामान्य (B) ठंडा

(C) गर्म (D) इनमें से कोई नहीं

8. निम्नलिखित में से प्राथमिक रंग कौन-सा है? 1

(A) हरा (B) नारंगी

(C) लाल (D) बैंगनी

9. कितने प्राथमिक रंग होते हैं? 1

(A) 4 (B) 3

(C) 5 (D) 6

10.किस नम्बर की पेंसिल से खींची गई लाइन गहरी (डार्क) होती है? 1

(A) HB (B) 2H

(C) H (D) 2B

11.निम्नलिखित में से द्वितीयक रंग कौन-सा है? 1

(A) लाल (B) नारंगी

(C) पीला (D) नीला

12.नीले में लाल रंग मिलाने से कौन-सा रंग बनेगा? 1

modelpaper.info

(A) बैंगनी (B) पीला

(C) हरा (D) नारंगी

13.पीले में नीला रंग मिलाने से कौन-सा रंग बनेगा? 1

(A) बैंगनी (B) हरा

(C) भूरा (D) नारंगी

14.सूर्य की किरणों में कितने रंग पाए जाते हैं? 1

(A) 10 (B) 8

(C) 9 (D) 7

15.बिना ब्रश की सहायता से कौन-सा रंग लगाया जाता है? 1

(A) जल रंग (B) पेस्टल रंग

(C) तेल रंग (D) इनमें से कोई नहीं

16.'कला' शब्द किस भाषा का है? 1

(A) हिन्दी (B) अंग्रेज़ी

(C) संस्कृत (D) उर्दू

17. पीले में लाल रंग मिलाने से कौन-सा रंग बनेगा? 1

(A) नारंगी (B) हरा

(C) बैंगनी (D) भूरा

18.भारत का राष्ट्रीय ध्वज है: 1

modelpaper.info

(A) एकवर्णीय (B) वर्णहीन

(C) बहुवर्षीय (D) इनमें से कोई नहीं

19.किनारी डिज़ाइन का प्रयोग किया जाता है: 1

(A) फर्श के डिज़ाइन के लिए

(B) साड़ी की किनारी के लिए

(C) छत के केन्द्र के लिए

(D) तकिए के केन्द्र के लिए

20.आकृतियों की पुनरावृत्ति करने के लिए किस पेपर का प्रयोग करते हैं? 1

(A) चार्ट पेपर (B) साधारण पेपर

(C) ट्रेसिंग पेपर (D) कार्टिज पेपर

अथवा

(प्राविधिक कला)

प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न के चार विकल्प हैं। इनमें से सही उत्तर चुनिए और उसी क्रम में अपनी ओ.एम.आर. शीट पर चिह्नित कीजिए ।

1.समबाहु त्रिभुज का प्रत्येक कोण होता है: 1

(A) 30° (B) 90°

(C) 45° (D) 60°

2.एक मीटर में कितने सेंटीमीटर होते हैं? 1

modelpaper.info

(A) 10 (B) 80

(C) 100 (D) 1000

3.एक डेसीमीटर में कितने सेंटीमीटर होते हैं? 1

(A) 10 (B) 20

(C) 40 (D) 30

4.एक मीटर में कितने डेसीमीटर होते हैं? 1

(A) 40 (B) 20

(C) 10 (D) 50

5.वृत्त का आकार कैसा होता है? 1

(A) Δ (B) O

(C) (D) इनमें से कोई नहीं

6.सम्पूर्ण कोण की माप (अंश में) कितनी होती है? 1

(A) 60° (B) 45°

(C) 360° (D) 90°

7.इनमें से कौन-सा आकार त्रिभुजाकार है? 1

(A) Δ (B)

(C) O (D) इनमें से कोई नहीं

modelpaper.info

8.180° के कोण को क्या कहते हैं? 1

(A) अधिक कोण (B) सरल कोण

(C) समबाहु कोण (D) इनमें से कोई नहीं

9.इनमें से कौन-सा आकार आयताकार है? 1

(A) (B) O

© (D) Δ

10. वर्ग का प्रत्येक कोण कितने अंश का होता है? 1

(A) 60° (B) 90°

© 45° (D) 180°

11. रेखा किसे कहते हैं? 1

(A) दो बिन्दुओं के बीच की दूरी

(B) तीन बिन्दुओं के बीच की दूरी

(C) टेढ़ा-मेढ़ा (ज़िग-जैग)

(D) इनमें से कोई नहीं

12.मापनी में पहले बड़े मुख्य भाग पर क्या लिखा जाता है? 1

(A) 0 (B) 1

(C) 6 (D) कुछ नहीं

13 समकोण कितने अंश का होता है? 1

modelpaper.info

(A) 90°		(B) 45°

(C) 60°		(D) 120°

14.यदि एक अर्धवृत्त में त्रिभुज बनाया जाता है जिसका एक कोण 90° का है, तो दूसरे कोणों का योग कितने अंश का होगा? 1

(A) 60°		(C) 30°

(B) 40°		(D) 90°

15.यदि 60° के कोण में एक कोण 30° का है, तो दूसरा कोण होगा: 1

(A) 10°		(B) 40°

(C) 30°		(D) 80°

16.वर्ग की चारों भुजाओं की माप कैसी होती है? 1

(A) बड़ी-छोटी (असमान) भुजाएँ

(B) चारों भुजाएँ बराबर

(C) आमने-सामने की भुजाएँ बराबर

(D) इनमें से कोई नहीं

17. गहरी (डार्क) लाइन खींचने के लिए किस नम्बर की पेंसिल चाहिए? 1

(A) 2B		(B) 2H

(C) 4H		(D) H

18.यदि एक वृत्त में एक कोण 120° का है, तो दूसरा कोण कितने अंश का होगा? 1

modelpaper.info

(A) 240°　　(B) 100°

(C) 40°　　(D) 20°

19.हल्की लाइन खींचने के लिए किस नम्बर की पेंसिल चाहिए? 1

(A) 1H　　(B) 2H

(C) HB　　(D) 2B

20.समबाहु त्रिभुज किसे कहते हैं? 1

(A) जिसकी तीनों भुजाओं से बने अंतः कोण बराबर होते हैं।

(B) जिसकी तीनों भुजाएँ बड़ी-छोटी (असमान) होती हैं।

(C) जिसकी आमने-सामने की दोनों भुजाएँ बराबर होती हैं।

(D) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड – ख

खण्ड-ख के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' अथवा 'आलेखन कला' अथवा 'प्राविधिक कला' में से केवल एक भाग ही करना है।

### (प्राकृतिक दृश्य चित्रण)

21. दी गई ड्राइंग शीट पर 20 × 25 सेमी के आयत में एक ग्रामीण सूर्योदय के प्राकृतिक दृश्य का चित्रण कीजिए। एक गाँव का दृश्य, कुछ झोपड़ियाँ, पेड़ की छाया में बैठी गाय, सिर पर टोकरी रखे घर लौटती महिला दर्शाइए । चित्रांकन में जल रंगों अथवा पेस्टल रंगों का प्रयोग करें।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए :

modelpaper.info

(अ) सही रचना एवं परिप्रेक्ष्य 10

(ब) संयोजन 5

(स) सुसंगत रंगों का चयन एवं प्रयोग 10

(द) आकर्षण एवं सामान्य प्रभाव 5

अथवा

(आलेखन कला)

अपनी ड्राइंग शीट पर 16 × 12 सेमी के आयत में पूर्ण मौलिक इकाई वाला आलंकारिक आलेखन बनाइए । फर्श के मध्य भाग के लिए कमल के पुष्प, पत्तियों, कलियों और तितली की सहायता से एक आलंकारिक आलेखन की रचना कीजिए। आलेखन में किन्हीं तीन जल रंगों का प्रयोग कीजिए। ट्रेसिंग करना मना है।

आलेखन में निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दीजिए :

(अ) इकाई की मौलिकता 10

(ब) लयात्मक रेखांकन 5

(स) रंगों का चयन 10

(द) आकर्षण एवं सामान्य प्रभाव 5

अथवा

(प्राविधिक कला)

modelpaper.info

नोट :

(i) निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

(ii) प्रत्येक उत्तर की रचना में निर्दिष्ट रेखाएँ, रचनात्मक रेखाएँ एवं अभीष्ट रेखाएँ स्पष्ट हों। रचना की रेखाओं को न मिटाएँ।

(iii) रफ कार्य श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए। इसे भी अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ लगाएँ ।

(अ) एक त्रिभुज क ख ग की रचना कीजिए, जिसका परिमाप 12 सेमी है तथा जिसकी भुजाओं का अनुपात 3:4:5 है। 10

(ब) 5 सेमी भुजा का एक वर्ग ज्यामितीय विधि द्वारा बनाइए

तथा इसके अन्तर्गत बड़ा से बड़ा अर्धवृत्त खींचिए । 10

(स) एक त्रिभुज की रचना कीजिए जिसकी भुजाएँ 4 सेमी, 5

सेमी तथा 6 सेमी हैं। इस त्रिभुज के क्षेत्रफल के बराबर एक आयत की रचना कीजिए । 10

(द) एक साधारण मापनी की रचना कीजिए जिसका निरूपक

भिन्न दिया गया है, जिसके द्वारा 30 मीटर और डेसीमीटर की दूरी पढ़ी जा सके। इस मापनी पर 2 मीटर 4 डेसीमीटर की दूरी दर्शाइए । 10

(य) एक आयत अ ब स द की रचना कीजिए जिसका क्षेत्रफल 15 वर्ग सेमी है। इस आयत के क्षेत्रफल के बराबर एक वर्ग की रचना कीजिए। 10

खण्ड - ग

modelpaper.info

(स्मृति-चित्रण)

22. इस प्रश्न में दो भाग (अ) तथा (ब) हैं। दोनों ही भागों को चित्रित कीजिए ।

(अ) निम्नलिखित में से किसी एक का स्मृति-चित्रण पेन्सिल द्वारा बनाइए। चित्र 15 सेमी से कम न हो:

(i) छाता और बक्सा

(ii) गेंद और हॉकी स्टिक

(iii) लालटेन

चित्र में निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दीजिए:

| | |
|---|---|
| (i) रेखा सौष्ठव | 4 |
| (ii) आकृति की अनुरूपता | 6 |

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक का स्मृति-चित्रण पेन्सिल द्वारा बनाइए। चित्र 15 सेमी से कम न हो:

(i) अनार पत्तियों सहित

(ii) लौकी

(iii) दो टमाटर

चित्र में निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दीजिए:

| | |
|---|---|
| (i) रेखा सौष्ठव | 4 |
| (ii) आकृति की अनुरूपता | 6 |

modelpaper.info